भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2102**

12 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**राष्ट्रय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत नए आयुष अस्पताल और औषधालय**

2102. डॉ. नामदेव किरसान:

श्री इमरान मसूद:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत नए आयुष अस्पतालों और औषधालयों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और विशेषकर महाराष्ट्र के गड़चिरोली-चिमुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में राज्यों के सहयोग से कोई संयुक्त मॉडल विकसित किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नए आयुष अस्पतालों और औषधालयों का निर्माण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, आयुष मंत्रालय महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थापना और नए आयुष औषधालय की स्थापना हेतु भवन के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान कर रहा है। एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपीएस) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक देश के विभिन्न हिस्सों में 203 आईएएच और 384 नए आयुष औषधालयों की स्थापना के लिए अनुमोदन दिया गया है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली-चिमूर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित अनुमोदित आईएएच और आयुष औषधालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति क्रमशः **सलंग्नक-I** और **संलग्नक-II** पर दी गई है।

इसके अलावा, एनएएम को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है और पूर्वोत्तर राज्यों तथा हिमालयी राज्यों नामत: उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए वित्तपोषण का पैटर्न- केंद्र: 90% और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र: 10% है, जबकि शेष राज्यों के लिए यह अनुपात केंद्र: 60% और राज्य: 40% है, जम्मू-कश्मीर के अलावा विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों (दिल्ली और पुडुचेरी) के लिए वित्तपोषण अनुपात- केंद्र: 60% और संघ राज्य क्षेत्र: 40% है और बिना विधानमंडल के सभी संघ राज्य क्षेत्रों (चंडीगढ़, दादर और नगर हवेली और दमन और दीव, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लद्दाख) में केंद्र द्वारा 100% वित्त प्रदान किया जाता है।

****

संलग्नक-I

अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्थान (जिला) | बिस्तरों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | जंगलीघाट<br>पोर्ट ब्लेयर (दक्षिणी अंडमान) | 50 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | काकीनाडा | 50 |
| | | विशाखापत्तनम | 50 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | भालुकपोंग (पश्चिमी कामेंग) | 50 |
| | | लिकाबली (लोवर सियांग) | 50 |
| | | यिंगकिओंग (अपर सियांग) | 10 |
| | | सेप्पा (पूर्वी कामेंग) | 10 |
| | | जीरो (लोवर सुबनसिरी) | 10 |
| 4 | असम | दुधनोई (गोलपाड़ा) | 50 |
| | | माजुली | 50 |
| | | कोकराझार | 50 |
| | | बक्सा | 50 |
| | | मोरीगांव | 50 |
| | | कालियाबोर (नगाँव) | 50 |
| | | दिफू (काबरी एंगलोंग) | 30 |
| | | बाजाली | 10 |
| 5 | बिहार | पटना | 50 |
| 6 | चंडीगढ़ | सेक्टर-34 (चंडीगढ़) | 50 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | जांजगीर-चंपा | 10 |
| | | महासमुंद | 10 |
| | | कोरिया | 10 |
| | | कोरबा | 10 |
| | | कांकेर (उत्तर बस्तर कांकेर) | 10 |
| | | नारायणपुर | 10 |
| | | बीजापुर | 10 |
| | | दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा) | 10 |
| | | दल्ली राजहर (बालोद) | 30 |
| | | सूरजपुर | 10 |
| 8 | दादरा नागर हवेली और दमन व दीव | सिलवासा (दादरा एवं नागर हवेली) | 50 |
| 9 | गोवा | वेलगुएम (उत्तरी गोवा) | 50 |
| | | मडगांव (दक्षिणी गोवा) | 50 |
| 10 | गुजरात | सूरत | 50 |
| | | राजकोट | 30 |
| 11 | हरियाणा | हिसार | 50 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू | 50 |
| | | मंडी | 50 |
| | | धर्मशाला | 50 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | किश्तवाड़ | 50 |
| | | कुपवाड़ा | 50 |
| | | बिलावर (कठुआ) | 50 |
| | | कुलगाम | 50 |
| | | सांबा | 50 |
| | | गदी गढ़ (जम्मू) | 10 |
| | | बांदीपायीन | 10 |
| 14 | झारखंड | इतकी,रांची | 50 |
| | | गुमला | 10 |
| | | बोकारो | 10 |
| | | देवघर | 10 |
| | | पलामू | 10 |
| | | दुमका | 10 |
| | | जमशेदपुर | 50 |
| 15 | कर्नाटक | गदग | 50 |
| | | मैंगलोर | 50 |
| | | तीर्थहल्ली | 10 |
| 16 | केरल | चालाकुडी, जिला-त्रिशूर | 50 |
| | | मट्टनूर, कन्नूर | 50 |
| | | अडूर, पथनमथिट्टा | 10 |
| | | अट्टापडी | 50 |
| | | कोट्टाराकारा, कोल्लम | 30 |
| | | वायनाड | 30 |
| | | इडुक्की | 30 |
| | | अरनमुला, रन्नी, पथनामथिट्टा | 30 |
| | | वर्कला | 50 |
| | | कप्पुकड़ तिरूवनंतपुरम | 50 |
| 17 | लक्षद्वीप | दीन दयाल उपाध्याय, कवारत्ती | 30 |
| 18 | **महाराष्ट्र** | नंदुरबार | 30 |
| | | सिंधुदुर्ग | 30 |
| | | पुणे | 30 |
| | | धाराशिव (ओस्मानाबाद) | 50 |
| | | अहमदनगर | 30 |
| | | जलगांव | 30 |
| | | जालना | 50 |
| | | थाणे | 50 |
| | | नागपुर | 50 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गोंदिया | 50 |
| | | छत्रपती संभाजी नगर | 50 |
| | | बुलढाणा | 50 |
| | | **गढ़चिरोली** | 30 |
| | | वर्धा | 30 |
| 19 | मणिपुर | मोरेह, तेंगोनाउपल | 50 |
| | | छुरछंदपुर | 50 |
| | | क्वाकेइथेल कोनजेंग लेइकाई | 10 |
| | | केइराओ एसी, इम्फाल इस्ट जिला | 50 |
| | | चंदेल | 10 |
| | | जिरीबाम | 10 |
| | | कांगपोकपी | 10 |
| | | बिश्नुपुर | 10 |
| | | नोनी | 10 |
| | | थौबल | 10 |
| | | सेनापति | 10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 50 |
| | | इंदौर | 50 |
| | | नरसिंहपुर | 50 |
| | | अमरकंटक | 50 |
| | | मंडलेश्वर (खरगोन जिला) | 50 |
| | | बालाघाट | 50 |
| | | सीहोर | 50 |
| | | गुना | 50 |
| | | पन्ना | 50 |
| | | भिंड | 50 |
| | | बड़वानी | 30 |
| | | सुजालपुर | 50 |
| | | श्योपुर | 50 |
| 21 | मेघालय | सोहरा (चेरापूंजी), सीएचसी, (पूर्वी खासी हिल्स) | 50 |
| | | उमद्रू विलेज, री भोई जिला | 50 |
| | | जोवाई, (पश्चिम जैंतिया हिल्स जिला) | 30 |
| 22 | मिजोरम | आइज़ोल | 50 |
| | | सैतुअल | 10 |
| 23 | नागालैंड | नोक्लाक, तुएनसांग जिला | 30 |
| | | रज़ा, चेडेमा | 50 |
| | | सपंग्या (चुंगटिया) | 50 |
| | | याचेम, लोंगलेंग | 30 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | किफिरे | 30 |
| | | तिजित | 30 |
| | | अकुहाईतो झूनहेबोतो | 30 |
| 24 | ओडिशा | ढेंकनाल | 50 |
| | | बरहामपुर | 50 |
| | | बालासोर | 50 |
| 25 | पुडुचेरी | विलियानूर | 50 |
| | | यनम | 50 |
| | | कराईकल | 30 |
| 26 | पंजाब | दयालपुर सोधिन ज़ीरकपुर (आरंभ में मोहाली में) | 50 |
| | | मोगा (आरंभ में तरण तारण में) | 50 |
| 27 | राजस्थान | भीलवाड़ा | 50 |
| | | अजमेर | 50 |
| | | चुरू | 50 |
| | | बीकानेर | 50 |
| | | जयपुर | 50 |
| | | सीकर | 50 |
| | | सवाईमाधोपुर | 50 |
| | | भरतपुर | 50 |
| | | किथना | 30 |
| | | भीलवाडा (असिंद) | 10 |
| | | भीलवाडा (बीजोलिया) | 10 |
| | | करुली (मंडरायल) | 10 |
| | | अलवर (बहरोर) | 10 |
| | | अलवर (नीमराना) | 10 |
| | | जोधपुर (शेखला) | 10 |
| | | दौसा (नांगल राजा वतन) | 10 |
| | | जयपुर-ए (पाओटा) | 10 |
| | | सीकर (धोड़) | 10 |
| | | बाड़मेर (गिरा) | 10 |
| | | जालोर (बागोद) | 10 |
| | | बारन (किशनगंज) | 10 |
| | | झालावाड़ (बकनी) | 10 |
| | | कोटा (सुल्तानपुर) | 10 |
| | | पालि (रोहट) | 10 |
| | | अजमेर (मसूदा) | 10 |
| | | अजमेर (पीसनगन) | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | धोलपुर (सेपयाऊ) | 10 |
| | | भरतपुर (सेवेर) | 10 |
| | | नागौर (खीनवासर) | 10 |
| | | श्री गंगानगर (राय सिंह नगर) | 10 |
| | | डूंगरपुर (दोवरा) | 10 |
| | | प्रतापगढ़ (अरणोद) | 10 |
| 28 | सिक्किम | क्योंगसा, ग्यालशिंग, पश्चिम सिक्किम | 50 |
| | | एनआईटी, देवराली | 30 |
| 29 | तमिलनाडु | थेनी | 50 |
| | | तिरुवन्नमलाई | 50 |
| | | पुदुक्कोट्टई | 50 |
| | | नमक्कल | 50 |
| | | एएजीएचआईम कैंपस, चेन्नई | 50 |
| | | कोट्टर, नागरकोइल | 30 |
| 30 | तेलंगाना | सिद्दीपेट | 50 |
| | | विकाराबाद | 50 |
| | | जयशंकर भूपालपल्ली | 50 |
| 31 | त्रिपुरा | पैराडाइज़ चौमुहानी, अगरतला | 50 |
| | | दक्षिण सबरूम | 50 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | जौनपुर | 30 |
| | | बुलंदशहर (आरंभ में कुशी नगर में) | 50 |
| | | बिल्हौर, कानपुर नगर | 50 |
| | | पश्चिम कल्ली, लखनऊ | 50 |
| | | बदरासी, वाराणसी | 50 |
| | | नवाब गंज, बरेली | 50 |
| | | बस्ती | 50 |
| | | सिराथू कौशाम्बी | 50 |
| | | सोनभद्र | 50 |
| | | उरई जालौन | 50 |
| | | संत कबीर नगर | 50 |
| | | देवरिया | 50 |
| | | ललितपुर | 50 |
| | | अमेठी | 50 |
| | | कानपुर देहात | 50 |
| | | फिरोजपुर, बलिया जिला | 50 |
| | | रायबरेली | 50 |
| | | बागपत | 50 |
| | | | 50 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | फतेहपुर | |
| | | श्रावस्ती | 50 |
| | | उन्नाव | 50 |
| | | हरदोई | 50 |
| | | गोरखपुर | 50 |
| | | संभल | 50 |
| | | मिर्जापुर | 50 |
| 33 | उत्तराखंड | हल्द्वानी | 50 |
| | | जाखणीधार, टिहरी | 50 |
| | | टनकपुर, चम्पावत | 50 |
| | | कोटद्वार, पौड़ी | 50 |
| | | पथरी, हरिद्वार | 10 |
| | | भीमताल, नैनीताल | 10 |
| | | पिरान कलियार, हरिद्वार | 50 |
| 34 | पश्चिमी बंगाल | तपसीखाता, अलीपुरद्वार जिला | 50 |
| | | पश्चिम जिला मिदनापुर | 50 |

**संलग्नक-II**

**अनुमोदित एकीकृत आयुष औषधालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **इकाई** |
|---|---|---|
| 1 | अरूणाचल प्रदेश | 2 |
| 2 | असम | 100 |
| 3 | जम्मू-कश्मीर | 11 |
| **4** | **महाराष्ट्र** | **1** |
| 5 | मणिपुर | 8 |
| 6 | मेघालय | 10 |
| 7 | तमिलनाडु | 2 |
| 8 | उत्तर प्रदेश | 250 |
| **कुल** | | **384** |